श्री कलराज मिश्र

माननीय राज्यपाल, राजस्थान का उद्‌बोधन

राजस्थान प्रेस क्लब कार्यक्रम

दिनांक 24 फरवरी, 2020 **समय सांयः 04.30 बजे**

स्थान –, बैंक्ट हॉल, नं.–4, गारवेयर क्लब हाउस डी रोड,चर्चगेट, मुंबई।

राजस्थान प्रेस क्लब मुंबई के अध्यक्ष श्री नीरज दवे जी, सचिव श्री कन्हैयालाल जी खंडेलवाल, कार्यकारिणी के सदस्यगण, पदाधिकारीगण एवं उपस्थित प्रवासी राजस्थानी समाज संस्थाओं के सदस्य भाइयो, बहनो, पत्रकार बन्धुओ और छायाकार मित्रो।

हर्ष की बात है कि मुंबई जैसे महानगर में प्रवासी राजस्थानी समाज का अपना एक अलग महत्वपूर्ण स्थान है। राजस्थानी समाज यहां कर्मयोग के साथ–साथ सेवा, समर्पण, सद्भाव के महानतम मूल्यों को अपनाते हुए कर्मभूमि व मातृभूमि के प्रति गहरी निष्ठा के साथ समर्पित है, यह राजस्थानी समाज की विशेषता है। राजस्थान प्रेस क्लब मुंबई इसी निमित्त इस प्रवासी समाज के कार्य–कलापों के साथ – साथ प्रदेश व देश की जानकारी पहुंचाने हेतु एक लोकप्रिय सेतु का काम भी कर रहा है, जो हम सबके लिए गौरव का विषय है।

बंधुओं, राजस्थान प्रदेश समृद्धिशाली व विकास की ओर अग्रसर है। इसमें सभी का प्रयास व सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार पूरे मनोयोग से प्रदेश के विकास में समर्पित है। साथ ही साथ देश – दुनिया में रह रहे प्रवासी राजस्थानी समाजबंधु भी राजस्थान की बेहतरी के लिए जिस समर्पित भाव से सामने आ रहे हैं, मेरा विश्वास है कि हम सब मिलकर एक आधुनिक विकासशील राजस्थान के सपने को साकार कर दिखाएंगे।

आज पूरा राष्ट्र जुझारू नेतृत्व में प्रगति की नई मंजिल की ओर अग्रसर है। केंन्द्र सरकार ने भी सभी राज्यों के विकास का जो रास्ता बनाया है, उसके माध्यम से भी राजस्थान सहित समूचे राष्ट्र की आधुनिक तस्वीर हमारे सामने होगी। मुझे पूरा यकीन है कि हम सब मिलकर हमारी लोक सांस्कृति, हमारी परंपरा, हमारे उच्च आदर्श को हम नए, प्रगति के मानदंडों पर पुनर्स्थापित कर इस मुंबई महानगर के साथ – साथ हमारे प्रदेश व समूचे राष्ट्र के विकास के भागीदार बनेंगे।

यह गौरव का विषय है कि मुंबई जैसे महानगर में छत्तीस कौम का प्रवासी राजस्थानी समाज संगठित होकर

सबकी सेवा के लिए सामने आता है, इससे मैं अभिभूत हूं। हम देश – प्रदेश व समाज की एकता व भाईचारे के नए संदेश के साथ आगे बढें व अपने छोटे – मोटे मतभेद भुलाते हुए एक मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था निर्मित करने का हिस्सा बनें।

आप सभी लोग आए व मुंबई में राजस्थान के दर्शन हुए, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। राजस्थान प्रेस क्लब मुंबई अपने उद्देश्यों के साथ निरंतर आगे बढे व राजस्थान में भी आपके संस्थान के कार्यक्रम आयोजित हों व मुंबई की जानकारी प्रदेशवासियों को मिले , ऐसी मेरी आशा है।

गत 26 नवम्बर को पूरे देश में 70 वां संविधान दिवस मनाया गया। आपको बताना चाहता हूँ कि संविधान हमारा मार्गदर्शक है। हमारा मूल ग्रन्थ है।

संविधान की प्रस्तावना में राष्ट्र की मूल भावना का उल्लेख है। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिये हैं। संविधान के अनुच्छेद 51 क में हमारे द्वारा किये जाने वाले

कर्त्तव्यों को परिभाषित किया गया है। मौलिक अधिकार और कर्त्तव्य, यह दोनों ही संविधान के प्रमुख स्तम्भ हैं।

मौलिक अधिकारों की तो हम बात करते हैं, लेकिन आवश्यकता है कि हम हमारे कर्त्तव्यों को जानें, समझें और उनके अनुरूप ही अपना कार्य और व्यवहार करें।

आप लोग युवा हैं। राष्ट्र निर्माण में आपको महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इसलिए संविधान में प्रदत्त कर्त्तव्यों को आप लोग आचरण में लाकर आगे बढ़ें। यदि हम सभी ने ऐसा प्रयास किया तो निश्चित तौर पर भारत देश को आगे बढ़ाने में और स्वयं के जीवन को भी प्रोनन्त करने में यह कदम बेहतरीन साबित होगा।

आमजन को संविधान की जानकारी होना आवश्यक है। राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सामाजिक समरसता के लिए कर्त्तव्यों का निर्वहन करना होगा।

इस पावन अवसर पर आपने मुझे आमंत्रित किया, इसके लिए मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूँ। मैं इस

महायज्ञ की सफलता की कामना करता हूँ तथा सम्मानित विद्धानों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

धन्यवाद। जयहिन्द।